उद्योग | यूपीसीडा रमईपुर में विकसित कर रहा फुटवियर पार्क

# सूबे के पहले फुटवियर पार्क में मिलने लगे प्लॉट

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) रमईपुर में प्रदेश का पहला फुटवियर पार्क स्थापित कर रहा है। यहां भूखंडों की बिक्री शुरू हो गई है। पहले चरण में 26 भूखंडों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। यह 4600 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से बिक्री किए जाएंगे, एक हजार वर्ग मीटर से 1800 वर्गमीटर का प्लॉट शामिल है।

विधनू ब्लॉक के रमईपुर औद्योगिक क्षेत्र के 131.69 एकड़ क्षेत्र में फुटवियर पार्क की स्थापना की जा रही है। पहले चरण में 75 औद्योगिक भूखंडों में से 26 भूखंड की बिक्री शुरू हो गई है। एक हजार वर्ग मीटर का भूखंड 46 लाख रुपये का मिलेगा। पार्क में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को एकीकृत कर आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। यहां यूनिफार्म शूज, स्पोर्टर्ज शूज, कैजुअल शूज, सैंडल्स, लेदर शूज आदि फुटवियर से संबंधित फैक्टरी लगेंगी।




रमईपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में बना फुटवियर पार्क। स्रोत: आर्काइव

**परियोजना की विशेषताएं :** परियोजना की कुल लागत 80 करोड़ रुपये है। इसमें 83 एकड़ क्षेत्र में 75 औद्योगिक भूखंड विकसित किए गए हैं। 5.46 एकड़ में दो वेयरहाउस भूखंड प्रस्तावित हैं। पांच किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क बनेगा। वर्षा जल निकासी के लिए 10 किलोमीटर लंबा आरसीसी का स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। बिजली आपूर्ति के लिए 220 केवी का सबस्टेशन बनाया जा रहा है।

## ऐसे होगी आवंटन प्रक्रिया

- भूखंड खरीदने के लिए यूपीसीडा के निवेश मित्र पर आवेदन करना होगा। आवेदन के समय भूखंड के मूल्य का पांच फीसदी भुगतान करना होगा। आवंटन पत्र जारी होने के 60 दिन के भीतर 20% राशि जमा करनी होगी। शेष 75% राशि तीन वर्षों में समान किस्तों में 10% वार्षिक ब्याज के साथ जमा करनी होगी। यदि कोई आवंटी एक साथ प्लॉट का भुगतान करता है तो 2% धनराशि की छूट दी जाएगी।

" फुटवियर पार्क में फैक्ट्री लगाने के लिए उद्यमियों को आसानी से भूखंड मिलेंगे। इसमें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। 26 भूखंडों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। बड़े प्लॉट भी अगर कोई चाहेगा तो उसे आवंटित किया जाएगा। - **मयूर माहेश्वरी, सीईओ यूपीसीडा**